राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल से विधान पार्षद श्री सच्चिदानंद राय, उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के सदस्य श्री दिनेश राय तथा बिहार भाजपा के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री अभिजीत कश्यप सहित कई गणमान्य जन मिले

पटना, 12 सितम्बर 2018

आज महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन से बिहार विधान परिषद् के सदस्य श्री सच्चिदानंद राय, उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के सदस्य श्री दिनेश राय, बिहार भाजपा के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के श्री अभिजीत कश्यप, संस्कार भारती, बिहार के प्रदेश मंत्री श्री आनंद नारायण प्रसाद सिंह, प्रसिद्ध चित्रकार श्री श्याम शर्मा, कवयित्री डॉ॰ शांति जैन, श्री ओमप्रकाश गर्ग तथा बिहार बूलियन एवं ज्वेलर्स एशोसियेशन के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार वर्मा सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल से आज शिष्टाचार मुलाकात करनेवालों में राज्य के तीन विश्वविद्यालय के कुलपति भी शामिल थे। श्री अभिजीत कश्यप एवं श्री दिनेश राय के साथ आये प्रतिनिधिमंडल ने बिहार में लोक कलाओं के विकास एवं संरक्षण पर महामहिम के साथ व्यापक चर्चा की तथा उनका मार्ग–दर्शन प्राप्त किया।

शिष्टाचार–मुलाकात के दौरान पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ रासबिहारी प्रसाद सिंह, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ॰ रविन्द्र कुमार सिन्हा तथा बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ॰ रामेश्वर सिंह ने अपने–अपने विश्वविद्यालयों की गतिविधियों के बारे में राज्यपाल को संक्षिप्त जानकारी दी।

....